# छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल

(मुख्यालय, पर्यावास भवन, सेक्टर–19 नवा रायपुर अटल नगर – 492002)
Tele : 0771-2512121, Fax : 2512122, website : www.cghb.gov.in, email : cghbho@gmail.com

//आदेश//

क्रमांक :– 07
दिनांक :– 02-04-2026

**विषयः–** निर्माण कार्य हेतु GST Payment System एवं Royalty Clearance Certificate संबंधी वर्तमान व्यवस्था में एकरूपता लाने के लिए एक समान मानक प्रक्रिया लागू किये जाने बाबत्।

——000——

विषयांतर्गत मुख्य सचिव महोदय, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिये गए निर्देशानुसार राज्य के सभी निर्माण विभागों में निर्माण कंपनियों/ठेकेदारों के देयकों में जी.एस.टी. कटौती एवं Royalty Clearance Certificate जारी करने की वर्तमान व्यवस्था में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए सचिव वित्त छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में गठित समिति की अनुशंसा/निर्णय पर माननीय मुख्यमंत्री जी का समन्वय में अनुमोदन प्राप्त किया गया है। जिसके परिपालन में मण्डल द्वारा संपादित किये जा रहे निर्माण कार्यों में भी निम्नानुसार GST Payment System एवं Royalty Clearance Certificate हेतु निर्धारित एक समान मानक प्रक्रिया का पालन किया जावे:–

1. **निर्माण कार्यों के देयकों में जी.एस.टी. कटौती:–**

निर्माण कार्यों के प्राक्कलन तथा Probable Amount of Contract (P.A.C.) Bill of Quantity (B.O.Q.) तैयार करते समय प्रयुक्त सामग्री की दरों को बिना GST के लिया जाए तथा इस प्रकार अंतिम Bid Value पर निविदा आमंत्रित की जाये। निर्माण कंपनियों/ठेकेदारों द्वारा उद्धृत दर (Tender Rate) के अनुसार भुगतान करते समय तत्समय लागू जी.एस.टी. दर को जोड़ते हुए भुगतान किया जाये।

जिन SOR में GST/कर सम्मिलित हैं, जैसे–PWD Building SOR 2015 PWD Electrical SOR 2020 एवं CSPDCL ROR 25-26, की दरें जब तक GST के बिना (Excluding GST) अद्यतन नहीं हो जाती, तब तक अनुमानों तथा PAC निर्धारण हेतु ऐसे सभी SOR जिनमें कर/GST सम्मिलित हैं, की दरों में 18% की कटौती की जाए, ताकि अंतिम चरण में लागू GST जोड़कर ही उपयुक्त अनुमानित लागत प्राप्त की जा सके। ठेकेदार द्वारा उद्धृत दरें GST के बिना (Excluding GST) मानी जाएगी तथा GST का भुगतान ठेकेदार को पृथक रूप से किया जाएगा।

2. **रॉयल्टी क्लियरेंस सर्टिफिकेट:–**

निर्माण कंपनियों/ठेकेदारों द्वारा निर्माण कार्यों में उपयोग किये जाने वाले गौण खनिजों का रॉयल्टी क्लियरेंस प्रमाण–पत्र उपलब्ध न कराये जाने की स्थिति में निर्माण कार्यों में प्रयुक्त किये वाले गौण खनिजों की कीमत तथा शास्ति निम्नानुसार निर्धारित की जावे:–

**खनिज का मूल्य = रॉयल्टी+रॉयल्टी पर देय डीएमएफ, पर्यावरण, अधोसंरचना विकास उपकर**
**शास्ति = मूल रॉयल्टी के बराबर**

उदाहरण के लिए– यदि खनिज की रॉयल्टी 100 रूपये है तथा उस पर देय डीएमएफ 30 रूपए, पर्यावरण उपकर 11.25 रूपए, अधोसंरचना विकास उपकर 11.25 रूपए है तो ठेकेदार द्वारा देय खनिज का मूल्य 152.50 रूपए होगा। अन्यत्र से प्राप्त गौण खनिज उपयोग करने की स्थिति में शास्ति 100 रूपए सहित कुल देय खनिज मूल्य 252.50 रूपए होगा।

उपरोक्त प्रावधान दिनांक 01.04.2026 अथवा इसके पश्चात् जारी की जाने वाली नवीन निविदाओं पर लागू होंगे। संलग्न कार्यवाही विवरण में उल्लेखित एक समान मानक प्रकिया एवं प्रावधान मण्डल के निर्माण कार्यों में भी लागू किये जावे।

**संलग्नः–** यथोपरि।

Digitally signed by
Awanish Kumar Sharan
Date: 03-04-2026
18:24:15

आयुक्त
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर

पृ. क्रमांक / 882 / एफ–तकनीकी / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 02/04/2026

प्रतिलिपि :–

1. स्टॉफ आफिसर, मान.अध्यक्ष महोदय, छ.ग.गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय, नवा रायपुर।
2. आयुक्त, वाणिज्यिक कर (जीएसटी), जी.एस.टी. भवन, नवा रायपुर।
3. विशेष सचिव, छ.ग.शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर।
4. सचिव, छ.ग. शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर।
5. अपर आयुक्त, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र–...................।
6. प्रशासकीय अधिकारी, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर।
7. मुख्य लेखा अधिकारी, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर।
8. मुख्य संपदा अधिकारी, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर।
9. उपायुक्त, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय / वृत्त...................।
10. संपदा अधिकारी, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र...................।
11. कार्यपालन अभियंता, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय / संभाग.........................।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

Digitally signed by
Harsh Kumar Joshi
Date: 02-04-2026
11:10:24

**अपर आयुक्त,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर

TS & Acct. Secty.
06/04/26

C.G. HOUSING BOARD
INWARD
No. 242
Date 6/4/26
DIVISION - KONDAGAON (C.G.)

# छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल

(मुख्यालय, पर्यावास भवन, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर – 492002)

Tele : 0771-2512121, Fax : 2512122, website : www.cghb.gov.in, email : cghbho@gmail.com


क्रमांक/ 485 /एफ– /तकनीकी/2026 नवा रायपुर, दिनांक 16 /02 /2026

प्रति,

**कार्यपालन अभियंता**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संभाग क्रमांक–1/2/3 रायपुर/राजधानी परियोजना संभाग–नवा रायपुर
दुर्ग/बिलासपुर/राजनांदगॉव/रायगढ़/जगदलपुर/कोरबा/अंबिकापुर/
कोण्डागांव/ धमतरी/महासमुंद/कवर्धा/कोरिया/सक्ती/दंतेवाड़ा/जशपुर
विद्युत संभाग–रायपुर/दुर्ग/बिलासपुर/जगदलपुर

विषय :– **मण्डल में अनुमोदित मेक/ब्राण्ड के तैयार SOP के अनुसार निर्माण सामग्रियों के उपयोग बाबत्।**

——00——

विषयांतर्गत मण्डल के निर्माण कार्यो में विभिन्न निर्माण सामग्रियों के उपयोग हेतु विभिन्न मेक/ब्राण्ड को अनुमोदित किया गया है। अनुमोदित उत्पादों का भवनों के प्रकार तथा कॉलोनियों की संरचना/विकास को ध्यान में रखकर तैयार Standard Operating Procedure (SOP) के अनुसार निर्माण सामग्रियों का उपयोग मण्डल के विभिन्न निर्माण/विकास कार्यो में किया जावे। निर्माण कार्यो में उपयोग हेतु अनुमोदित मेक/ब्राण्ड के संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें :–

01. मण्डल के समस्त कार्यपालन अभियंता अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत भविष्य में जारी होने वाली समस्त निविदाओं में संलग्न SOP अनुसार वर्गीकृत उत्पाद मेक/ब्राण्ड का प्रावधान किया जाना सुनिश्चित करें।

02. मुख्यालय स्तर पर उत्पाद सामग्रियों के मेक/ब्राण्ड का अनुमोदन, कार्यपालक/पर्यवेक्षक/निरीक्षक तथा संबंधित अधिकारियों को उत्पाद की गुणवत्ता/दक्षता की जांच एवं दर विश्लेषण के उत्तरदायित्व से मुक्त नहीं करता यदि कार्य में उपयोग के दौरान उत्पाद की गुणवत्ता/दक्षता के संबंध में कोई गम्भीर त्रुटी अथवा कमी दृष्टिगोचर होती है तो मुख्यालय को तत्काल सूचित किया जावे।

03. उत्पाद सामग्रियों के मेक/ब्राण्ड के परफॉरमेंस एवं सर्विसेस की निगरानी करना कार्यपालन अभियंता एवं उनके अधिनस्थ मैदानी कर्मचारियों (Field Staff) की जिम्मेदारी है तथा इस संबंध में रिपोर्ट मुख्यालय को समय–समय पर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

04. तकनीकी स्वीकृति प्रदायकर्ता अधिकारी कार्यक्षेत्र में उत्पाद की उपलब्धता एवं उपयुक्तता के आधार पर संलग्न उत्पाद के वर्गीकरण अनुसार ही निर्माण कार्य में उपयोग किये जाने वाले मेक/ब्राण्ड का चयन/निर्णय करने में सक्षम होंगे। तदानुसार ही निर्माण सामग्रियों का उपयोग निर्माण कार्य में किया जावे।

05. अनुमोदित सामग्रियों के वर्गीकरण का यह कतई अभिप्राय नहीं है कि SOP में संपत्तियों के प्रकार के आधार पर वर्गीकृत मेक/ब्राण्ड को ही कार्य में उपयोग किये जाने का अधिकार है। तकनीकी स्वीकृति प्रदायकर्ता अधिकारी योजना एवं कार्य की प्रकृति/महत्व तथा उत्पाद की उपलब्धता एवं बजट प्रावधान अनुसार उच्चतर श्रेणी के मेक/ब्राण्ड का उपयोग निम्नतम श्रेणी के भवनों/निर्माण कार्यो में उपयोग के लिए चयन/निर्णय किये जाने हेतु सक्षम होंगे।

C.G. HOUSING BOARD INWARD No. 130 Date 18/02/26 DIVISION - KONDAGAON (C.G.)

All AE, TS & TC
18/02/26

क्रमशः //2//

06. कार्यस्थल पर लायी गयी निर्माण सामग्रियों के प्रत्येक लॉट का बैच टेस्ट रिपोर्ट संबधित मेक/ब्राण्ड कंपनी से प्राप्त किया जावे तथा सामग्री का सैम्पल लेकर National Accreditation Board for Testing and Calibration Laboratories (NABL) मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से जांच कराकर प्राप्त परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर सामग्री की गुणवत्ता के विषय में आश्वस्त होने के उपरांत ही निर्माण कार्य में सामग्री का उपयोग किया जावे एवं इसकी पंजी भी संधारित करें एवं निर्माण सामग्री की गुणवत्ता के संबंध में मुख्यालय को समय–समय पर अवगत करावें।

07. किसी भी मेक/ब्राण्ड के उत्पाद का उपयोग निर्माण कार्य में करने के पूर्व अनुबंध में निहित प्रावधानों एवं तकनीकी नियमानुसार निर्धारित आवृत्ति (Frequency) में कार्यस्थल से निर्माण सामग्रियों के नियमित भौतिक स्थल परीक्षण एवं आवश्यक मानक तकनीकी–प्रयोगशाला परीक्षण, अधिकृत प्रयोगशाला/एन.आई.टी./शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय/शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से कराकर टेस्ट रिपोर्ट का संधारण करते हुए, उत्पाद की गुणवत्ता के संबंध में अभिमत मय प्रतिवेदन समय–समय पर टेस्ट रिपोर्ट के साथ मुख्यालय प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें, ताकि किसी मेक/ब्राण्ड के उत्पाद की गुणवत्ता/दक्षता में कमी पाये जाने की स्थिति में, उस मेक/ब्राण्ड के अनुमोदन को निरस्त करने की कार्यवाही की जा सके।

08. इस संबंध में पूर्व में जारी निर्देश इस पत्र के जारी होने के पश्चात् स्वतः निरस्त माना जावे।

उपरोक्त सभी निर्देशों का अनिवार्यतः पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

**संलग्न :– उपरोक्तानुसार (SOP)।**

आयुक्त
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर

क्रमांक/ 486 /एफ– /तकनीकी/2026 नवा रायपुर, दिनांक 16/02/2026

प्रतिलिपि :–

01. स्टॉफ ऑफिसर, मान. अध्यक्ष महोदय महोदय, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय, नवा रायपुर, अटल नगर की ओर सूचनार्थ।
02. स्टॉफ ऑफिसर, आयुक्त, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय, नवा रायपुर, अटल नगर की ओर सूचनार्थ।
03. अपर आयुक्त, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय/प्रक्षेत्र–रायपुर/नवा रायपुर/दुर्ग/ बिलासपुर/जगदलपुर/अंबिकापुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
04. उपायुक्त, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय/वृत्त–रायपुर/नवा रायपुर नगर/दुर्ग/बिलासपुर/जगदलपुर/अंबिकापुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
05. वास्तुविद, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय, नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आयुक्त
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर

# CHHATTISGARH HOUSING BOARD

## SOP FOR APPROVED MATERIAL LIST OF CIVIL ITEMS FOR CONSTRUCTION WORK

| S. N. | PARTICULAR | HIG TYPES HOUSES / FLATS / COMMERCIAL | MIG TYPES HOUSES / FLATS | LIG / EWS TYPES HOUSES / FLATS |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | TMT | SAIL / TATA / Jindal Panther / Goel / MSP / GK / Fortune / Rama / Nakoda | SAIL / TATA / Jindal Panther / Goel / MSP / GK / Fortune / Rama / Nakoda / AC / BS TMX / Radhe Thermax / Blue Line / Shrishti / Nirman / Hi-Tech / Kore / Concrete / Blue Line / G-9 / Sarthak / Force TMT / Rungta / Shoorvir | SAIL / TATA / Jindal Panther / Goel / MSP / GK / Fortune / Rama / Nakoda / AC / BS TMX / Radhe Thermax / Neev/ Blue Line / Shrishti / Shaurya & Prime Gold / SMC550 D TMX and Majboot 500 TMX / Nirman / Nandan / Hi-Tech / Kore / Concrete / Blue Line / G-9 / Sarthak / Force TMT / Rungta / Kamdhenu / Shoorvir / Hariom TMT & Hariom Epoxyshield TMT |
| 2 | CEMENT & Putty | Ultratech / JK Laxmi / Shree Cement / Nuvoco/ Wall Plast | Ultratech / JK Laxmi / Shree Cement / Nuvoco | Ultratech / JK Laxmi / Shree Cement / Nuvoco / Aquaproof / Wall Plast / Magic & Ajooba |
| 3 | TILES | Orient Bell / Kajaria / RAK / HR Johnson (Marbonite / Johnson / Endura) /Somany | Orient Bell / Kajaria / RAK / HR Johnson (Marbonite / Johnson / Endura) /Somany /Simpolo / Varmora | Orient Bell / Kajaria / RAK / HR Johnson (Marbonite / Johnson / Endura) /Somany /Simpolo / Varmora / Qutone / Sunshine / Oasis / Swastik / AGL |
| 4 | PIPE, FITTING & WATER STORAGE TANK | Sintex / Astral / Flowkem / Supreme / Maheshwari | Sintex / Astral / Flowkem / Supreme / Maheshwari / Kamlesh | Sintex / Astral / Flowkem / Supreme / Maheshwari / Kamlesh / Sunrise / Phonix / Wilo / Shree Hardeo / Classic / Durby / Vertex / Kothari / Birla Hil |
| 5 | BATH FITTING, SANITARY ITEMS & CP FITTINGS | Grohe / Kohler / Roca / Parryware / Johnson Peddar / Jaquar (Artiz) / CERA | Grohe / Kohler / Roca / Parryware / Johnson Peddar / Jaquar (Artiz / Essco) / CERA / Kohler / Simpolo | Grohe / Kohler / Roca / Parryware / Johnson Peddar / Jaquar (Artiz / Essco) / CERA / Kohler / Simpolo / HSIL / Somany / Plastocraft / Coronet / Vertex |

Jaya EE (HQ)

| S. N. | PARTICULAR | HIG TYPES HOUSES / FLATS / COMMERCIAL | MIG TYPES HOUSES / FLATS | LIG / EWS TYPES HOUSES / FLATS |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 5 | BATH FITTING, SANITARY ITEMS & CP FITTINGS | Grohe / Kohler / Roca / Parryware / Johnson Peddar / Jaquar (Artiz) / CERA | Grohe / Kohler / Roca / Parryware / Johnson Peddar / Jaquar (Artiz / Essco) / CERA / Kohler / Simpolo | Grohe / Kohler / Roca / Parryware / Johnson Peddar / Jaquar (Artiz / Essco) / CERA / Kohler / Simpolo / HSIL / Somany / Plastocraft / Coronet / Vertex |
| 6 | DOORS, WINDOWS | Sintex / Dimex / Jamex / Platinum Winds / Evergreen / Malaysian Doors | Sintex / Dimex / Jamex / Platinum Winds / Evergreen / Malaysian Doors / Sonnet / Touchwind / Jain Doors | Sintex / Dimex / Jamex / Platinum Winds / Evergreen / Malaysian Doors / Sonnet / Touchwind / Jain Doors / Khalsa / Polywood / Patel Woods / Siesto |
| 7 | KITCHEN SINK | Sincore / Jyna | Sincore / Jyna | Sincore / Jyna / AMC / Plastocraft / Vertex |
| 8 | PAINTS | Dulux / Berger / Nerolac / Nippon / Asian / Birla Opus Prime / Jk Maxx | Dulux / Berger / Nerolac / Nippon / Asian / Birla Opus Prime / Jk Maxx | Dulux / Berger / Nerolac / Nippon / Asian / Birla Opus Prime / Jk Maxx / Popular / Wall King / Magic & Ajooba |
| 9 | WATER PROFFING ITEMS | Ultratech / Sika | Ultratech / Sika | Ultratech / Sika / Wall Plast / Aquaproof / Magic & Ajooba |

**NOTE :-** ALL MATERIALS SHOULD HAVE ISI MARKED

1. बहुमंजिला भवनों (जी+6 एवं अधिक तल) तथा महत्वपूर्ण प्रायोजित ईमारतों में केवल Primery Steel का प्रयोग किया जावे।
2. यह वर्गीकरण सूची मुख्यालय के पत्र क्र. 485 दिनांक 16-02-2026 का सहपत्र है। पत्र में उल्लेखित निर्देशों का पालन किया जाना आवश्यक है।

कार्यपालन अभियंता
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर

उपायुक्त
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर

अपर आयुक्त
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर

# CHHATTISGARH HOUSING BOARD

## SOP FOR APPROVED MATERIAL LIST OF ELECTRICAL ITEMS FOR INTERNAL ELECTRIFICATION WORK

| S. N. | PARTICULAR | HIG / MIG TYPES HOUSES / FLATS | LIG / EWS TYPES HOUSES / FLATS | OFFICE/ HOSPITAL BUILDING / COMMERCIAL | SCHOOL / HOSTEL / GODOWN |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | PVC CONDUIT | Polycab / Precision / Saraswati | Rigga / Norpack / Nostrum / Benlo / Phonix/ Vertex / AKG | Polycab / Precision / Sarswati | Rigga / Norpack / Nostrum / Benlo / Phonix/ Vertex / AKG |
| 02 | FRLS PVC INSULATED STRANDED COPPER CONDUCTOR WIRE / T.V. / TELEPHONE / NETWORK CABLE | Polycab / Havells / RR Kabel | Klick / Ramco /Rigga/ Vinay / Benlo / HPL/ GLOSTER / KEI | Polycab / Havells / RR Kabel | Klick / Ramco /Rigga/ Vinay / Benlo / HPL/ GLOSTER / KEI |
| 03 | SWITCH, SOCKET & ACCESSORIES | Legrand (Mylinc) / Havells (Verona) | Legrand (Britzy) / Havells (Reo) / Vinay (Adora) / Rigga (Rock) / Polycab (Etira) / Nostrum (Bravia) / HPL | Legrand (Mylinc) / Havells (Verona) | Legrand (Britzy) / Havells (Reo) / Vinay (Adora) / Rigga (Rock) / Polycab (Etira) / Nostrum (Bravia) / HPL |
| 04 | MCB DB / MCCB / RCCB / ELCB / MCB | Legrand / Havells | Klick / Vinay / Benlo / Polycab / Nostrum | Legrand / Havells | Klick / Vinay / Benlo / Polycab / Nostrum |
| 05 | FRLS PVC INSULATED / XLPE,PVC SHEATED ALLUMINIUM CONDUCTOR POWER CABLE | Polycab / Havells / KEI | Klick / Ramco /Rigga/ Vinay / Benlo / HPL/ GLOSTER | Polycab / Havells / KEI | Klick / Ramco /Rigga/ Vinay / Benlo / HPL/ GLOSTER |
| 06 | LED LIGHT FITTING | Havells /Wipro / Halonix / Philips / Syska | | | |
| 07 | FAN / EXHAUST FAN | Usha/ Havells / Crompton / Bajaj / Orient | | | |
| 08 | CALL BELL / BUZZER | Havells / Cona / Vinay / Polycab / Jaquar | | | |

**NOTE :-** ALL MATERIALS SHOULD HAVE ISI MARKED

1. यह वर्गीकरण सूची मुख्यालय के पत्र क्र. 485 दिनांक 16-02-2026 का सहपत्र है। पत्र में उल्लेखित निर्देशों का पालन किया जाना आवश्यक है।

| | | |
|---|---|---|
| (हस्ताक्षर) | (हस्ताक्षर) | (हस्ताक्षर) 2/2/2026 |
| कार्यपालन अभियंता | उपायुक्त | अपर आयुक्त |
| छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल | छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल | छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल |
| मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर | मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर | मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर |